आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 05.08.2024 समय 1830

**मुख्य समाचार :—**

- केदारनाथ धाम समेत केदारघाटी के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव अभियान जारी, अबतक 10 हजार से अधिक लोगों को सकुशल रेस्क्यू किया गया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में एआई मिशन को सफल बनाने के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने की घोषणा की।
- चालू वित्तीय वर्ष के पहले चार महीनों में राज्य को खनन से तीन सौ तैंतीस करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ।
- **और...** सावन के तीसरे सोमवार को प्रदेशभर के मंदिरों में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा—अर्चना की।

**केदारघाटी राहत—बचाव अभियान**

रुद्रप्रयाग स्थित केदारनाथ धाम समेत केदारघाटी के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य पांचवें दिन भी लगातार जारी रहा। आज सुबह मौसम खुलते ही सेना के एमआई—17 और चिनूक हेलीकाप्टर से लोगों को एयरलिफ्ट किया गया। एयरलिफ्ट किए गए यात्रियों को एमआई—17 ने चारधाम हेलीपैड और चिनूक ने गौचर हवाई पट्टी पर उतारा। वहीं, लापता लोगों की तलाश के लिए ड्रोन और सेना के स्निफर डॉग्स की मदद ली जा रही है। हालांकि, लिनचोली से रामबाड़ा

क्षेत्र तक किए गए सर्च ऑपरेशन में किसी व्यक्ति के मिलने की पुष्टि नहीं हुई। एनडीआरएफ के कमांडेंट सुदेश कुमार ने बताया कि केदारघाटी में चल रहे राहत और बचाव अभियान के आज देर शाम या कल तक पूरा होने की संभावना है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कल रुद्रप्रयाग स्थित आपदा प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण करने का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

**केदारनाथ पैदल यात्रा**

केदारनाथ पैदल यात्रा को दो हफ्ते में दोबारा शुरू करने के प्रयास किए जाएंगे। आज लोक निर्माण विभाग के सचिव पंकज पांडे, आपदा प्रबंधन संचिव विनोद कुमार सुमन और गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने केदारघाटी के प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण तथा पैदल निरीक्षण के बाद ये यह बात कही। उन्होंने सोनप्रयाग से गौरीकुंड के बीच बह चुके सड़क मार्ग पर तेजी से काम शुरू करने के निर्देश दिए। यात्रा मार्ग को जल्द सुचारू करने के लिए सड़क और पैदल मार्गों का तेज गति से निर्माण करने के लिए हर साइट पर अलग ठेकेदार को काम दिया जाएगा। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि गौरीकुंड में घोड़ापड़ाव के पास लगभग 15 मीटर हिस्सा तथा जंगलचट्टी में 60 मीटर रास्ता बह गया है।

**एआई सीएम**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में एआई मिशन को सफल बनाने के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने की घोषणा की है। देहरादून में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आयोजित सेमिनार में प्रतिभाग करते हुए उन्होंने कहा कि एआई की मदद से राज्य को आगे बढ़ाने के लिए सभी को मिलकर मंथन करना होगा। एआई की मदद से पारिस्थितिकी, अर्थव्यवस्था, तकनीक, जवाबदेही और सतत विकास में उल्लेखनीय विकास होने जा रहा है। श्री धामी ने कहा कि सभी विशेषज्ञों और विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे लोगों को भी एआई में विशेषज्ञता हासिल करने पर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में विज्ञान प्रौद्योगिकी और नवाचार नीति के साथ ही एआई तकनीक विकसित करने का रोड मैप तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एआई के इस्तेमाल से कई उपलब्धियां हासिल हो रही हैं और इसने लोगों का समय बचाने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योग, चिकित्सा, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और विज्ञान में नवाचार का मुख्य कारण एआई बन रहा है। यह राज्य के विकास और समृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

**राजस्व**

चालू वित्तीय वर्ष के पहले चार महीनों में राज्य को खनन से तीन सौ तैंतीस करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। पिछले वर्ष की तुलना में इस अवधि में एक सौ तैंतीस करोड़ रुपये अधिक राजस्व प्राप्त हुआ है,

जो करीब छियासठ फीसदी अधिक है। भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशक के अनुसार उत्तराखंड उप खनिज परिहार नियमावली में सरलीकरण, ई–टेंडरिंग, ई–रवन्ना पोर्टल के अपग्रेडेशन से यह सफलता मिली है। इसके अलावा प्रवर्तन दल द्वारा अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी रोकथाम का भी काफी असर पड़ा है। राज्य सरकार ने 45 खान चैक गेटों की स्थापना को भी मंजूरी दी है। निदेशालय के अनुसार कच्चे माल के रूप में उप खनिजों की प्रचुर आपूर्ति के कारण उप खनिज ग्रिट, डस्ट, रेत, बजरी आदि वर्तमान में 70 रुपये प्रति क्विंटल की दर से बिक रहा है, जो पिछले वर्ष 140 रुपये प्रति क्विंटल की दर से बिक रहा था। इससे आम लोगों को निर्माण सामग्री सस्ते दामों पर उपलब्ध हो रही है।

**योग रजत**

हरिद्वार स्थित देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के योग के विद्यार्थियों ने नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल किया है। तालबद्ध सामूहिक योग प्रतियोगिता का आयोजन युवा जीवन अभ्युदय द्वारा आनंदधाम आश्रम में किया गया था। इस आयोजन में देश के कई प्रमुख विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के योग के विद्यार्थियों ने अपने प्रदर्शन में त्रिविक्रम, महाकरण आसन, हस्त लिंकारा आसन, चक्र आसन, डिम्बासन आदि आसनों का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता से वापस लौटने पर कुलपति शरद पारधी ने सभी छात्र–छात्राओं और शिक्षकों को सम्मानित किया।

## उत्तरकाशी हाट बाजार

उत्तरकाशी जिले में साप्ताहिक हाट बाजार स्थानीय महिलाओं की आय बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। मुख्यमंत्री बहिना सशक्त योजना के तहत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन व ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना के साझा प्रयास से यह आयोजन किया जा रहा है। स्थानीय उत्पाद खीरा, बैगन, करेला, मूली, मिर्च आदि सब्जियों को स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से खरीद कर साप्ताहिक हाट बाजार के माध्यम से बेचा जा रहा है। इससे स्वयं सहायता महिला समूह की सदस्यों के साथ–साथ स्थानीय  काश्तकारों को भी आय सृजन के अवसर मिल रहे हैं। मुख्य विकास अधिकारी जय किशन ने बताया कि लोकल फॉर वोकल के तहत आजीविका कार्यों में स्वयं सहायता समूहों की भागीदारी को बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। यह हाट बाजार बुधवार व शुक्रवार को संचालित किए जा रहे हैं। सभी विकास खण्डों में वर्तमान तक ढाई लाख रुपए से अधिक मूल्य की सब्जियों को बेचा जा चुका है।

## "एक पेड़ माँ के नाम"

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि उनके मंत्रालय ने "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान में अधिक भागीदारी के लिए सभी संसद सदस्यों को एक पत्र लिखा है। लोकसभा में एक सवाल का जवाब देते हुए श्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्यावरण संरक्षण और वन क्षेत्र बढ़ाने का अभियान शुरू किया

है। केंद्रीय मंत्री ने अभियान को सफल बनाने के लिए एकजुट प्रयास की अपील की।

## मौसम

राजधानी देहरादून, उत्तरकाशी समेत प्रदेश के अन्य जिलों में दोपहर बाद कुछ स्थानों पर बारिश हुई है। बारिश के कारण पर्वतीय क्षेत्रों में नदी–नालों का जलस्तर बढ़ गया है। लोगों को बारिश के दौरान नदी–नालों से दूरी बनाए रखने को कहा गया है। उत्तरकाशी से हमारे क्षेत्रीय संवाददाता ने बताया कि जिले में दोपहर से ही बारिश हो रही है। बारिश के कारण गंगा और यमुनोत्री के जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

राजधानी देहरादून, चमोली, टिहरी, पौड़ी, रुद्रप्रयाग और कुमाऊं मंडल के अधिकांश जिलों में 9 अगस्त तक बारिश की संभावना है। मौसम विभाग का कहना है कि इस दौरान प्रदेश में कुछ स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने और भारी बारिश के आसार हैं। विभाग की चेतावनी को देखते हुए श्रद्धालुओं से मौसम पूर्वानुमान के अनुसार ही चारधाम यात्रा शुरू करने और बारिश होने की स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की गई है।

## पेरिस ओलंपिक

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने पेरिस ओलंपिक के बैडमिंटन सिंगल्स में कांस्य पदक जीता। उन्होंने रोमांचक मुकाबले में मलेशिया के जी जिया ली को हराया। पदक जीतने के साथ ही लक्ष्य सेन ओलंपिक पदक जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष बैडमिंटन खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले भारतीय महिला बैडमिंटन खिलाड़ियों में अब तक केवल साइना नेहवाल और पीवी सिंधु ही पदक जीत पाई हैं।

भारत ने पेरिस ओलंपिक 2024 में अब तक चार कांस्य पदक जीते हैं।

## संक्षिप्त समाचार–

सावन के तीसरे सोमवार को प्रदेश के सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर सुख–समृद्धि की कामना की। नीलकंठ महादेव, जागेश्वर धाम, गोपीनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं ने लंबी लाइनों में लगकर भगवान शिव के दर्शन किए।

केंद्र सरकार ने पेरिस में चल रहे 33वें ओलंपिक खेलों का जश्न मनाने के लिए 4 स्मारक डाक टिकटों को जारी किया।

बांग्लादेश में पुलिस और सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़पों से स्थिति बनी हुई है। इसी बीच प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया और सेना के एक हेलिकॉप्टर में सवार होकर देश छोड़ा।

विश्व के प्रमुख सूचकांकों में पिछले सप्ताह बड़ी गिरावट के बाद आज वैश्विक बाजार में गिरावट दर्ज की गई। अमरीका में शुक्रवार को अर्थव्यवस्था में मंदी की आशंका के बाद एशिया के शेयर बाजारों में कमी दर्ज की गई।